# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कल देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस, प्रधानमंत्री ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मददगार बनने की अपील की ।
- स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास अभियान की घोषणा की, कहा–पचास लाख युवाओं के लिए रोजगार के नये सृजन को मिलेगी गति ।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो आज अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट–एसएसएलवी डी तीन को करेगा प्रक्षेपित ।
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की छठवीं पुण्यतिथि आज ।

**********

पूरे देश में कल हर्षोल्लास के वातावरण में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लालकिले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र  को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में सेमीकन्डक्टर उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने, आयात पर निर्भरता कम करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्म निर्भरता बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।

***एक जमाना था हम मोबाइल फोन इन्पोर्ट करते थे। आज मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग का एको–सिस्टम बना है। एक बहुत बड़ा हब बना है और आज मोबाइल फोन दुनिया में एक्सपोर्ट करने लगे हैं ये भारत की ताकत है। साथियों भविष्य के साथ सेमीकंडक्टर जुड़ा हुआ है। आधुनिक टेक्नोलॉजी जुड़ी हुई है एआई जुड़ा हुई है। हमने सेमीकंडक्टर मिशन पर काम शुरू किया है। हर उपकरण में मेड इन इंडिया चिप क्यों ना हो, क्यों ये सपना मेरे देश का नौजवान देखे। टैलेन्ट यहां है सारे इस प्रकार के रिसर्च कार्य हिन्दुस्तान में होते हैं। अब प्रोडक्शन भी हिन्दुस्तान में होगा। सेमीकंडक्टर का काम भी हिन्दुस्तान में होगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 140 करोड नागरिक एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को प्रशिक्षित करने और देश को कौशल विकास का केंद्र बनाने के लिए सरकार के कई कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया।

***140 करोड़ मेरे परिवारजन अगर संकल्प लेकर चल पड़ते हैं। एक दिशा निर्धारित करके चल पड़ते हैं तो चुनौतियां कितनी भी क्यों ना हो, अभाव की मात्रा कितनी भी तीव्र क्यों ना हो, संसाधनों के लिए जुझने की नौबत हो तो भी हर चुनौती को पार करते हुए हम 2047 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।***

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष में दस करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुडकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं और उनकी सरकार ने देश में स्वयं सहायता समूहों को अब तक नौ लाख करोड़ रूपए दिये हैं।

प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी नमन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिये स्वच्छता एवं नवाचार आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया।

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह लखनऊ में विधान भवन के सामने आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा फहराया। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा के लिये अदम्य साहस दिखाने वाले युद्ध नायकों को वीरता पुरस्कार वितरित किये। स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दिवस हम सबके लिये आजादी के नायकों के सपनों को साकार करने का दिन हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान एक नये भारत का दर्शन किया है। यह नया भारत एक भारत भी है और श्रेष्ठ भारत भी है। श्री योगी ने कहा कि भारत ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर भी ध्वजारोहण किया।

कल प्रदेश के अलग अलग जिलों में प्रदेश सरकार के अलग अलग मंत्रियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सभी जिलों में शिक्षण संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में झंडा फहरा कर शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल स्वतंत्रता दिवस पर विधान भवन के सामने आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान नाम से एक नई योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही 50 लाख युवाओं के लिये रोजगार के नए सृजन को गति मिलेगी।

*प्रदेश के अंदर आज अपने युवाओं के लिये हम लोग आज एक नई योजना की घोषणा करते हुए मुझे प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। इसके क्रम में आगामी कुछ वर्षों के अंदर 10 लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिये अभिनव योजना हम प्रारम्भ करने जा रहे हैं। इस योजना के अन्तर्गत नौकरी के बजाय उद्यम, इसके लिये इच्छुक युवाओं को ऐसे 10 लाख नये ऐमी ऐमी इकाईयों के गठन के लिये सरकार उन्हें आर्थिक रूप से उन्नयन करेगी और सपोर्ट करेगी और इसके माध्यम से 50 लाख युवाओं के लिये रोजगार के सृजन की नई संभावना आगे बढ़ेगी।*

**********

हर घर तिरंगा अभियान कल देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भी जारी रहा। इसी क्रम में अयोध्या जिले में सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से साधु–संतों की टोली ने देश भक्ति को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाला। वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाराणसी में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया। उन्होंने लोगों से देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की। चित्रकूट जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के तहत बैंड पार्टी द्वारा रामघाट पर राष्ट्रीय धुनों का वादन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर की अगुआई में कल चंदौली जिले के बरहनी ब्लॉक के मरूई गांव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत वहां के अमृत सरोवर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया।

**********

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल एक हजार 37 कर्मियों को कल वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इनमें उत्तर प्रदेश के 17 पुलिस कर्मी शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह ने वीरता और सेवा पदक से सम्मानित कर्मियों को बधाई दी।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट –एसएसएलवी डी तीन प्रक्षेपित करेगा। यह उड़ान आज सुबह नौ बजकर सत्रह मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित होगी। इस प्रक्षेपण से एसएसएलवी विकास परियोजना का कार्य पूरा हो जाएगा और भारतीय उद्योग तथा एनएसआईएल द्वारा परिचालित मिशन संचालित हो पाएंगे। यह प्रक्षेपण यान 10 से 500 किलो के लघु, सूक्ष्म और अति सूक्ष्म उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकता है।

**********

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज छठवीं पुण्यतिथि है। राजनेता के अलावा हिंदी कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता के तौर पर पहचान रखने वाले स्व वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजनीति को लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित करने वाले श्रद्धेय अटल जी भारतीय राजनीति के राजर्षि और अजातशत्रु थे। पूर्व प्रधानममंत्री की पुण्यितिथि पर अटल बिहारी मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के निकट स्थित एबीबी कन्वेंशन सेंटर में आज शाम चार बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएग। इस आयोजन से जुड़ी समिति के संरक्षक और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धांजलि समारोह और काव्य पाठ का आयोजन किया गया है।

**********

प्रसार भारती ने मीडिया संगठनों को समाचार उपलब्ध कराने के लिए पी.बी. शब्द सेवा शुरू की है। मीडिया संगठन मार्च 2025 तक इसका उपयोग निःशुल्क कर सकेंगे। इसके लिए इच्छुक संगठन शब्द डॉट प्रसार भारती डॉट ओआरजी स्लैष रजिस्टर पर पंजीकरण करा सकते हैं।

**********